फा.सं0 7-6/2009-विस्तार
भारत सरकार
कृषि मंत्रालय
कृषि एवं सहकारिता विभाग

कृषि भवन, नई दिल्ली
दिनांक 6 अक्तूबर, 2009

**रिक्ति परिपत्र**

विषयः कृषि मंत्रालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान(मैनेज), राजेन्द्रनगर, हैदराबाद में महानिदेशक के पद को भरा जाना।

राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान(मैनेज), राजेन्द्रनगर, हैदराबाद में गैर-केन्द्रीय स्टाफिंग स्कीम, समूह 'क' राजपत्रित के अंतर्गत 18,400-22,400/- रुपये(पूर्व संशोधित) के वेतनमान में महानिदेशक का एक पद कार्मिक तथा प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 3.7.2006 के कार्यालय ज्ञापन सं0 28/13/2006-ईओ(एसएम.II) में निर्धारित खोज एवं चयन समिति प्रक्रिया के माध्यम से प्रतिनियुक्ति के आधार पर पर केन्द्रीय/राज्य सरकारों/संघ शासित प्रदेशों/विश्वविद्यालयों/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/अर्ध सरकारी/केन्द्र/राज्य सरकारों के अधीन सांविधिक अथवा स्वायत्त संगठनों के अधिकारियों में से इसके भरे जाने की तारीख से 5 वर्ष से अधिक की अवधि के लिए भरे जाने का प्रस्ताव है।

2. महानिदेशक, राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबन्धन संस्थान(मैनेज), राजेन्द्रनगर, हैदराबाद के पद की नियुक्ति के लिए विचारार्थ विषय निम्नानुसार हैं:-

I. महानिदेशक, मैनेज का पद गैर केन्द्रीय स्टाफिंग स्कीम के तहत अधिमानतः भा.प्र.सेवा से भरा जाना है।

II. महानिदेशक, मैनेज का पद भारत सरकार में संयुक्त सचिव के स्तर का है।

III. पदधारी को किसी संगठन अधिमानतः एक प्रशिक्षण संस्थान के प्रबन्धन में अनुभव के अलावा प्रबन्धन में वरिष्ठ स्तरों पर व्यापक अनुभव के साथ उत्कृष्ट शैक्षिक योग्यता धारी होना चाहिए।इसके अलावा पदधारी के पास कृषि और/अथवा ग्रामीण विकास के क्षेत्र में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

3. प्रतिनियुक्ति की अवधि जिसके अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के उसी या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से ठीक पहले धारित किसी अन्य संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि शामिल है, साधारणतया 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

4. चयनित अधिकारियों के पास अपने ग्रेड वेतन के साथ प्रतिनियुक्ति (डयूटी) भत्ता लेने अथवा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ओएमसं0 2/29/91-स्था.(वेतन-II) दिनांक 5.1.1994 के तहत पद के वेतनमान में अपना वेतन निर्धारित करवाने का विकल्प होगा।

5. यह रिक्ति एम्प्लायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार तथा अंग्रेजी के राष्ट्रीय दैनिक(इंडियन एक्सप्रैस) तथा जनसत्ता (हिन्दी) दोनों के सभी संस्करणों में, तथा तेलगु में(एनाडु), हैदराबाद, आन्ध्र प्रदेश में भी प्रकाशित करवाई जायेगी। अनुरोध है कि पात्र अधिकारी जो विचार किए जाने के इच्छुक हैं और जिन्हें उनका चयन होने पर कार्यमुक्त किया जा सकता है, के सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन पत्र संलग्न प्रपत्र में अद्यतन गोपनीय रिपोर्ट/डोजियर (वित्तीय वर्ष 2007–08 तक) सहित तीन प्रतियों में इस विभाग को इस रिक्ति के एम्प्लायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में प्रकाशित होने की तारीख से 4 सप्ताह के भीतर अग्रेषित कर दिया जाए। आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय यह भी सत्यापित और प्रमाणित किया जाना अनिवार्य है कि अधिकारी/अधिकारियों द्वारा दिए गए विवरण सही हैं तथा उसके खिलाफ सतर्कता का कोई मामला लम्बित या अवेक्षित नहीं है। अधिकारी की सत्यनिष्ठा भी प्रमाणित की जानी चाहिये। आवेदन पत्र की प्राप्ति की अन्तिम तारीख पर प्रतिनियुक्ति द्वारा इस नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा 54 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह भी प्रमाणित किया जाए कि अधिकारी पर पिछले दस वर्षों के दौरान कोई छोटी–बड़ी शास्तियां नहीं लगाई गई हैं।

6. आवेदन पत्र निदेशक(विस्तार) कृषि मंत्रालय, कृषि एवं सहकारिता विभाग, कमरा सं. 248–ए, कृषि भवन, नई दिल्ली को भेजे जाने चाहिएं।

7. अन्तिम तिथि के पश्चात अथवा अद्यतन गोपनीय रिपोर्ट सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र और सतर्कता निकासी के बिना प्राप्त आवेदन या अन्यथा अपूर्ण पाए गए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

डि० वर्मा

(डिम्पल वर्मा)
निदेशक(विस्तार)
दूरभाषः23386053

प्रति प्रेषितः
1. केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
2. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, नई दिल्ली।
3. कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (ई.ओ.आई.का कार्यालय), नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
4. कृषि एवं सहकारिता विभाग के सभी अधिकारी। आवेदन कृपया संबंधित स्थापना अनुभागों के माध्यम से भिजवाएं।
5. कृषि एवं सहकारिता विभाग के अंतर्गत सभी संबद्ध/अधीनस्थ कार्यालय।
6. एनआईसी (कृषि एवं सहकारिता विभाग की बेवसाइट पर डालने हेतु)।
7. एनआईसी(डीओपीटी)–कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली की बेवसाईट में अपलोड किए जाने के लिए।
8. स्थापना– I अनुभाग।
9. गार्ड फाईल।

डि० वर्मा

## जीवन वृत्त प्रपत्र

| हाल ही का |
| पासपोर्ट आकार |
| का फोटो यहाँ |
| चिपकाएं |

1. अधिकारी का नाम :

2. जन्म तिथि :

3. अधिवर्षिता की आयु प्राप्त होने पर सेवानिवृति की तारीख :

4. क्या अ.जा./अ.ज.जा./अन्य पिछड़ा वर्ग/अन्य से हैं :

5. सेवा जिससे अभ्यर्थी संबंधित है :

6. पद जिसके लिए आवेदन किया गया है :

7. दूरभाष सहित वर्तमान डाक पता :

   कार्यालय दूरभाषः आवास दूरभाषः मोबाईलः
   ईमेल आई.डी.

8.(i) नियमित आधार पर वर्तमान में धारित पद :
(ii) वेतनमान :
(iii) तारीख जिससे पद पर है :

9. प्रतिनियुक्ति/सेवा –अवधि समाप्त होने की तारीख(यदि लागू है):

10. अर्हताएं एवं अनुभव :
(क) विचारार्थ विषय/पद विवरण में प्रावधान के अनुसार:
(ख) अधिकारी द्वारा धारित :

11. प्रकाशन,(यदि कोई हो):

12. कोई अन्य सूचना,(यदि कोई हो):

(आवेदक के हस्ताक्षर)

<u>केवल अग्रेषित करने वाले विभाग/कार्यालय के प्रयोग के लिए</u>

13. क्या अधिकारी अंतिम तिथि को पात्रता शर्तों को पूरा करता है : हॉ/नहीं

14.(क)(i) क्या अधिकारी के विरुद्ध किसी प्रकार का सतर्कता संबंधी मामला/ मामले लम्बित अथवा विचाराधीन हैं हॉ/नहीं

(ii) यदि हां, तो कृपया ब्यौरा दें

(ख)(i) क्या पिछले दस वर्षों के दौरान प्रस्तावित अधिकारी पर कोई कोई दण्ड लगाया गया है। हां/नहीं

(ii) यदि हां, तो कृपया ब्यौरा दें

(iii) आज की तिथि में लागू दण्ड(यदि कोई हो) के बारे में सूचित करें।

दिनांक: हस्ताक्षर:

नाम:

पदनाम :

टिप्पणीः उपर्युक्त विवरण को प्रमाणित करने वाला अधिकारी/प्राधिकारी संयुक्त सचिव स्तर से नीचे का नहीं होना चाहिए।